


# स्विएटेक ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया

**सिडनी**

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने तीन सेटों तक चले महिला एकल मैच में केटी बौल्टर को हराकर जीत दर्ज की, जिससे पोलैंड ने गुरुवार को ब्रिटेन को हराकर मिश्रित टीम यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पोलैंड का सामना अब शनिवार को कजाकिस्तान से होगा, जिसमें स्विएटेक और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है।

स्विएटेक ने सिडनी में केन रोज़वेल एरिना में लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में जीत हासिल की और 24वें स्थान पर रहीं बौल्टर के खिलाफ दर्द से उबरते हुए पोलैंड की क्वार्टरफाइनल जीत सुनिश्चित की।

पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विएटेक ने 6-7 (4), 6-1, 6-4 से जीत हासिल करने के बाद अपना रैकेट फेंका और खुशी में अपने दोनों हाथ ऊपर उठाए। प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाज़िडिन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के निलंबन से वापसी करने वाली स्विएटेक की यह लगातार तीसरी टूर्नामेंट जीत थी।

बौल्टर से अपने करियर की पहली मुलाकात में, स्विएटेक ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन बौल्टर ने हिम्मत नहीं हारी और बेसलाइन से स्विएटेक की जबरदस्त ताकत का मुकाबला किया।

बौल्टर ने टाईब्रेक में 74 मिनट का शानदार ओपनिंग सेट जीता, लेकिन वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं, क्योंकि स्विएटेक ने निर्णायक सेट के लिए नियंत्रण हासिल कर लिया।

हालांकि, तीसरे सेट की शुरुआत में ही स्विएटेक की सर्विस टूट गई और उन्हें मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। वह अपने दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में पट्टियाँ बाँधकर लौटीं, लेकिन उनकी दृढ़ता सामने आई और उन्होंने आखिरकार बौल्टर की हिम्मत तोड़ दी।

इससे पहले, 16वीं रैंकिंग वाले ह्यूबर्ट हर्काज़ ने पुरुष एकल में बिली हैरिस पर 7-6 (3), 7-5 से जीत हासिल करके पोलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई थी। भले ही वह अपने प्रतिद्वंद्वी से 109 स्थान ऊपर रैंक पर थे, लेकिन हर्काज़ के लिए चिंता का कारण यह था कि वह ग्रुप चरण में अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। लेकिन 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और एक घंटे, 45 मिनट के मैच में दोनों सेटों में बड़े मौकों पर आगे बढ़कर जीत हासिल की।

## पाक टीम जीतेगी चैंपियंस ट्रॉफी : शोएब अख्तर

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भरोसा है कि अपनी मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी टीम खिताब जीतेगी। पाक में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा और इसमें भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे।चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को होगा। इसमें भी शोएब को अपनी टीम के जीतने की उम्मीदें हैं। अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान शीर्ष 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमान को टीम में शामिल किया जाये।

## न्यूज ब्रीफ

### केकेएफआई ने खो-खो विश्व कप 2025 के लिए किया ट्रॉफी और मैस्कॉट का अनावरण



**नई दिल्ली।** भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने शुक्रवार को जनपथ स्थित इंपीरियल होटल में 13 से 19 जनवरी, 2025 के बीच होने वाले पहले खो-खो विश्व कप के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी और मैस्कॉट का अनावरण किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में छह महाद्वीपों के 24 देशों की 21 पुरुष और 20 महिला टीमें भाग लेंगी। विश्व कप में दो शानदार ट्रॉफी (पुरुषों की चैंपियनशिप के लिए एक नीली ट्रॉफी और महिलाओं के इवेंट के लिए एक हरी ट्रॉफी) होंगी। दोनों ट्रॉफियाँ अपने समकालीन डिजाइन के जरिए खो-खो की गतिशील भावना को दर्शाती हैं, जिसमें बहते हुए कर्व और सुनहरे रंग की आकृतियाँ उकेरी गई हैं। नीली ट्रॉफ़ी विश्वास, दृढ़ संकल्प और सार्वभौमिक अपील का प्रतीक है, जबकि हरी ट्रॉफ़ी विकास और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। दोनों ही ट्रॉफ़ीज़ में जटिल क्रिस्टल डिटेलिंग है, जो प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर अपेक्षित सटीकता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। फ़ेडरेशन ने टूर्नामेंट के आधिकारिक मैस्कॉट के रूप में काम करने वाले हिरणों की एक गतिशील जोड़ी तेजस और तारा को भी गर्व से दुनिया के सामने पेश किया। ये मैस्कॉट गति, चपलता और टीम वर्क के खेल के मूल गुणों को दर्शाते हैं। तेजस, जो प्रतिभा और ऊर्जा का प्रतीक है और तारा, जो मार्गदर्शन और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करती है, को पारंपरिक भारतीय रूपांकनों से सजी जीवंत नीले और नारंगी रंग की खेल पोशाक में दर्शाया गया है, जो खेल की विरासत और इसके आधुनिक आकर्षण दोनों का जश्न मनाती है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कह, हम अपने सभी स्टेकहोल्डर्स के बहुत आभारी हैं जो खो-खो विश्व कप 2025 के उद्घाटन संस्करण का सपोर्ट करेंगे। विश्व कप को डिज्नी+ हॉटस्टार पर मुफ्त में लाइव स्ट्रीम किया जाएगा और डीडी स्पोर्ट्स पर भी मुफ्त में प्रसारित किया जाएगा, और इससे भारत के स्वदेशी खेल को बहुत बढ़ावा मिलेगा। यह विश्व कप खेल को ओलंपिक में ले जाने की दिशा में पहला कदम है, और हमारे सभी भागीदारों की मदद से, हम दुनिया को खो-खो की खूबसूरती दिखाने की उम्मीद करते हैं। हमारे मैस्कॉट- तेजस और तारा खेल की गति, चपलता और टीम वर्क की मुख्य विशेषताओं का प्रतीक हैं। और ट्रॉफी - पुरुषों के टूर्नामेंट के लिए नीला और महिलाओं की ट्रॉफी के लिए हरा-एकता और सद्भाव का प्रतीक है, और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम.एस. त्यागी ने कहा, यह विश्व कप खो-खो के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो हमारे स्वदेशी खेल को एक ग्लोबल इवेंट में बदल रहा है। 24 देशों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया खो-खो की सार्वभौमिक अपील और खेल के माध्यम से विविध संस्कृतियों को एकजुट करने की इसकी क्षमता को दर्शाती है। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और हमारे सम्मानित स्टेकहोल्डर्स के समर्थन के साथ, हमें एक ऐसा टूर्नामेंट आयोजित करने का भरोसा है जो खेल उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करेगा और खो-खो को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक गतिशील, आधुनिक खेल के रूप में स्थापित करेगा। यह टूर्नामेंट इस स्वदेशी खेल के इतिहास में एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। यह ग्लोबल टैलेंट्स को एक साथ लाएगा और विश्व मंच पर भारत की खेल विरासत को प्रदर्शित करेगा।

### शान्तो ने बांग्लादेश की टी-20 कप्तानी छोड़ी



**ढ़ाका।** बांग्लादेश की टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने अपना पद छोड़ दिया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अध्यक्ष फारूक अहमद ने भी कहा है कि शान्तो ने पद छोड़ने की जानकारी उन्हें दी है। जिसे स्वीकार कर लिया गया। टी20ई से इस्तीफ के बाद भी शान्तो टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में बांग्लादेश की कप्तानी करते रहेंगे। अहमद ने कहा कि शांतो ने हमें जानकारी दी है। साथ ही कहा कि हम अभी नए कप्तान के बारे में नहीं सोचेंगे। शान्तो जब फिट होंगे तो वह टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान बने रहेंगे। टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में शान्तो का कार्यकाल काफी उम्मीदों के साथ शुरू हुआ। हालांकि वह शुरु से ही सभी प्रारूपों में कप्तानी नहीं करना चाहते थे। अक्टूबर 2024 में भी उनहोंने सभी प्रारुपों को संभालने को लेकर आपत्तियाँ व्यक्त की थीं पर तब बोर्ड ने उन्हें बने रहने के लिए मना लिया था। नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान चोट लगने के कारण शान्तो को वेस्टइंडीज दौरे से बाहर होना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति के दौरान, कप्तानी की जिम्मेदारियां मेहदी हसन मिराज ने संभाली थीं। टी20 कप्तान के रूप में शान्तो को श्रीलंका और अमेरिका से द्विपक्षीय श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा था। 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में बांग्लादेश बिना जीत के बाहर हो गई थी।

# सिडनी टेस्ट पहला दिन : भारत ने पहली पारी में बनाए 185 रन, ऑस्ट्रेलिया ने 9 रन पर खोया 1 विकेट




**सिडनी**

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। पहले दिन भारत ने जहां अपनी पहली पारी में 185 रन बनाए, वहीं, ऑस्ट्रेलिया की भी पहली पारी की शुरुआत खराब रही और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने पर केवल 9 रन पर 1 विकेट खो दिया है। सैम कोंस्टास 7 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि उस्मान ख्वाजा केवल 2 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने।

पहली पारी में भारत के लिए ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। पंत के अलावा रवींद्र जडेजा ने 26, कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 22 और शुभमन गिल ने 20 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्कॉट बोलैंड ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

इस मैच में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और 8वें ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (04) और यशस्वी जायसवाल (10) पवेलियन लौट गए। रोहुल को मिचेल स्टॉर्क और यशस्वी को स्टॉक बौलैंड ने पवेलियन भेजा। इसके बाद विराट कोहली और शुभमन गिल ने भारत का स्कोर 50 के पार पहुंचाया, हालांकि 57 के कुल स्कोर पर गिल 20 रन बनाकर नाथन लियोन का शिकार बने।

विराट कोहली बल्ले से एक बार फिर असफल रहे और 72 के कुल स्कोर पर केवल 17 रन बनाकर बोलैंड का दूसरा शिकार बने। यहां से पंत और जडेजा ने 44 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 120 रनों तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर पंत को बोलैंड ने अपना तीसरा शिकार बनाया। पंत ने 40 रन बनाए। इसी ओवर की अगली गेंद पर बोलैंड ने नीतीश रेड्डी (00) को भी पवेलियन भेज मैच में अपना चौथा विकेट लिया। संभलकर खेल रहे जडेजा भी 134 के कुल स्कोर पर 26 रन बनाकर मिचेल स्टॉर्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। 148 के स्कोर पर वाशइंगटन सुंदर 14 रन बनाकर कमिंस का शिकार बने। प्रसिद्ध कृष्णा (03) बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्टॉर्क की गेंद पर सैम कोंस्टास को कैच दे बैठे। आखिरी में जसप्रीत बुमराह ने कुछ अच्छे शॉट खेले और टीम का स्कोर 185 तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने बुमराह को आउट कर भारतीय पारी का अंत किया। बुमराह ने 22 रन बनाए। मोहम्मद सिराज 3 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टॉक बोलैंड ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने तीन, पैच कमिंस ने 2 और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया।

# फीफा के दूसरे फ्रेंडली मैच में भारतीय महिला टीम ने मालदीव को 11-1 से हराया



**बेंगलुरु**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने गुरुवार को दूसरे मैत्री मैच में मालदीव को 11-1 से हरा दिया है। पदार्पण में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फॉरवर्ड लिंगडेकिम ने चार गोल दागे, जिसकी बदौलत भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को खेले गए दूसरे फीफा मैत्री मैच में मालदीव को 11-1 के अंतर से हराया।

पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में खेले गए इस मैच में लिंगडेकिम ने (12वें, 16वें, 56वें और 59वें मिनट) प्रत्येक हाफ में दो दो गोल किये, जबकि मुकाबले में पदार्पण करने वाली एन. सिबानी देवी ने (45+1वें मिनट) भी एक गोल किया।

मैच में भारत की ओर से किए गए अन्य गोल में काजोल डिसूजा (15वें मिनट), पूजा (41वें मिनट), सिमरन गुरुंग (62वें और 68वें मिनट) और खुमुकचाम भूमिका देवी (71वें मिनट) ने भूमिका निभाई। मालदीव के लिए एकमात्र गोल मरियम रिफा ने 27वें मिनट में किया। जबकि मालदीव की कप्तान हवा हनीफा ने 17वें मिनट में एक आत्मघाती गोल किया, जिससे भारत की गोल संख्या में और इजाफा हुआ।

## एटीपी हांगकांग ओपन: शीर्ष वरीयता प्राप्त रूबलेव दूसरे दौर में हारकर बाहर

**हांगकांग।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन रूस के आंद्रे रुबलेव गुरुवार को एटीपी हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। रुबलेव को हंगरी के फैबियन मरोजसन से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी रुबलेव को विक्टोरिया पार्क में खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में 58वीं रैंकिंग के मरोजसन से 5-7, 6-3, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे और 58 मिनट तक चला। क्वार्टर फाइनल में मारोजसन का सामना चीन के शांग जुनचेंग से होगा। 19 वर्षीय शांग ने सातवें वरीय स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-1 से हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने कनाडा के क्वालीफायर गेब्रियल डायलो पर जीत हासिल की, जबकि स्पेन के जाउम मुनार ने पांचवीं वरीयता प्राप्त पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 7-5 से हराया।

## जंपिंग स्पर्धा



कुवैत में एक घुड़सवार अंतरराष्ट्रीय शो जंपिंग स्पर्धा में भाग लेते हुए।

# भारत-पाक मैचों का इंतजार सभी को रहता है : वाटसन

**चैम्पियंस ट्रॉफी से फार्म हासिल करेंगे रोहित, विराट**

**सिडनी**

**पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है भारतीय टीम का चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाना निराशाजनक है पर इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा।**



भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी टूर के दौरान कहा, 'यह बदकिस्मती की बात है कि ऐसे हालात बने हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत-पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो उन मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच रहता है। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जा रही है पर इसमें कोई कुछ नहीं कर सकता है।

वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है।

उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। । एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। । वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है। ।

# रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग का दूसरा संस्करण आज से, लद्दाख करेगा मेजबानी

**लेह**

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग का दूसरा संस्करण 4 जनवरी, 2025 से 13 जनवरी, 2025 तक लेह के नवांग दोरजे स्टोबडान स्टेडियम में शुरु होगा। इस साल की लीग का उद्देश्य पहले संस्करण की सफलता को आगे बढ़ाना और एक बार फिर से पूरे क्षेत्र के स्थानीय प्रतिभाओं को एक साथ लाना है।

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग 2025 में कुल 30 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 23 पुरुषों की श्रेणी और 10 महिलाओं की श्रेणी के होंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट 10 टीमों को दो समूहों में विभाजित करके आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। महिलाओं का टूर्नामेंट भी राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित होगा, जिसमें तीन और दो टीमों के दो समूह होंगे। सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 12 जनवरी (महिलाओं का फाइनल) और 13 जनवरी (पुरुषों का फाइनल) को खेले जाएंगे।




लोसार त्योहार के बाद आयोजित होने वाली यह लीग खिलाड़ियों को सर्दियों के महीनों में सक्रिय बनाए रखने के साथ-साथ सामुदायिक जुड़ाव का अनुभव प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। यह पहल रॉयल एनफील्ड के लद्दाख में सामाजिक मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और आइस हॉकी को क्षेत्रीय स्तर पर एक प्रमुख खेल के रूप में विकसित करना है।

इस लीग की तैयारी के तहत रॉयल एनफील्ड ने लद्दाख के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे द्रास, जांस्कर, नुब्रा, कारगिल, शकर चिखतन, लेह और चांगथांग में व्यापक प्रशिक्षण और स्काउटिंग शिविर आयोजित किए।

खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए कोचों ने दिसंबर 2024 में दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण ढ्ढ॥ह्न-प्रमाणित कोच और प्रशिक्षक डैरिल ईसन के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने पहले यूके और हंगरी की राष्ट्रीय टीमों को प्रशिक्षित किया है।

रॉयल एनफील्ड की लद्दाख में आइस हॉकी के विकास के लिए चल रही प्रतिबद्धता में कई हस्तक्षेप शामिल हैं, जिनमें जमीनी स्तर पर खेलने के लिए सीखने के कार्यक्रम और ट्रेन-द-ट्रेनर पहल से लेकर आवश्यक उपकरण समर्थन तक शामिल हैं। रॉयल एनफील्ड ने आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लद्दाख को दो स्केट-शार्पनिंग मशीनें भी प्रदान की हैं, जो खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करती हैं। इससे पहले, ऐसी सुविधाएं केवल लेह में ही उपलब्ध थीं, जिससे खिलाड़ियों को लॉजिस्टिकल समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

### टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमें इस प्रकार हैं-

**पुरुष टीमें:** चांगला ब्लास्टर्स, कंग्स सिंग, जांस्कर चादर टेमर्स, मर्यूल स्पावो, शकर चिखतन रॉयल्स, शम वूल्व्स, पुरिग वॉरियर्स, चांगथांग शान्स, यूनाइटेड नुब्रा, हुमास वॉरियर्स।

**महिला टीमें:** मर्यूल स्पामो, शम ईगल्स, चांगला लामो, स्करा चिखतन क्वींस, हुमास क्वींस।